विषय-सूची

Vijnana Parishad Anusandhan Patrika, Vol. 36, No. 1, 1993

हमारे तटों की बदलती पारिस्थितिकी *

बी० एन० देसाई
राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान दोनापोला, गोवा

भारत की तटरेखा 7000 किमी॰ से भी अधिक लम्बी है तथा भारत की 25 प्रतिशत जनसंख्या तटीय क्षेत्रों में ही निवास करती है। तटीय क्षेत्रों ने उत्कृष्ट बन्दरगाह सुलभ करवाये हैं, जिनके आस-पास विस्तृत मानवीय बस्तियाँ तथा उद्योग विकसित हुए हैं। तटीय समुद्रों, ज्वार-नदमुखों तथा नदियों का उपयोग व्यापक रूप से परिवहन, खाद्य, संचार, अपशिष्ट-निपटान तथा मनोरंजन के लिये होता रहा है।

तटों पर बढ़ती मानवीय क्रियाशीलता ने तटरेखा तथा इसकी पारिस्थितिकी पर और अधिक दबाव डाला है। तटों के समान्तर बहुत से स्थान सुधारे (कृषि योग्य बनाये) गये हैं तथा बहुत से क्रमिक ढाँचे बनाये गये हैं जिनसे तटरेखा का प्राकृतिक स्वरूप परिवर्तित हो गया है। तटों के समान्तर निकट तटीय क्षेत्र में तटीय पारितंत्र अत्यन्त उत्पादक तथा मात्स्यिकी संकेन्द्रित है और अब पर्यावरण-संरक्षण के प्रति जागरूकता तथा सतत विकास की भावना बढ़ रही है।

बदलती तट रेखा

यह सुस्पष्ट है कि संसार की तटरेखा समय-समय पर बदलती रहती है। गत शताब्दी के दौरान संसार की तटरेखा के पीछे हटने का अनुपात उसके आगे बढ़ने की तुलना में अधिक है, हालांकि विस्तृत क्षेत्र स्थिर रहे हैं या उन्होंने आगे बढ़ने या पीछे हटने का कोई निश्चित प्रमाण प्रदर्शित नहीं किया है। अहमद[1] के अनुसार भारत की लगभग 55 प्रतिशत तटरेखा पुलिन-तटीय [फ्रिन्ज्ड बीच] हैं तथा पिछले कुछ दशकों में पुलिन सामान्यतः या तो स्थिर हैं अथवा पीछे हटे हैं।

---

*2 जनवरी 1993 को गोवा में सम्पन्न 80वें भारतीय साइंस कांग्रेस अधिवेशन के अवसर पर विज्ञान परिषद अनुसन्धान गोष्ठी के समक्ष दिया गया अध्यक्षीय भाषण।

भारत के पश्चिमी तट पर, विशेषकर कच्छ की खाड़ी के पास, ज्वालामुखी अवतलन तथा उसके बाद जलोढ़न एवं पुर:क्रमण के कारण जलमग्नता की घटनायें हुई हैं। कैम्बे की खाड़ी लगातार दलदली पुर:क्रमण का क्षेत्र है तथा नर्मदा, तापी एवं उल्हास के ज्वारनदमुखों के मध्य, एवं आगे दक्षिण में, बड़ी मात्रा में अवसाद विसर्जन होता है जो आंशिक रूप से तटीय मैदान में अवनालिका अपरदन से उत्पन्न है। नर्मदा के मुहाने पर द्वीपों में सिल्ट तथा मिट्टी की क्रमिक अभिवृद्धि प्रेक्षित की गयी है (बेदी एवं वैद्यनाथन)[3]। गोवा में वागले[24] ने निष्कर्ष निकाला है कि तटरेखा पुलिनों [बालुकातटों] के समान्तर पुर:क्रमित हो रही थी जबकि भृगुओं और अंतरीपों के समान्तर पीछे हट रही थी। लेकिन रेतीले केरल तट पर विभिन्न भागों में सतत प्रतिसरण होता रहा है। यह प्रतीत होता है कि कुछ संरक्षात्मक उपाय स्वयं ही दूसरे क्षेत्रों में अपरदन के फैलने के लिए उत्तरदायी हैं।

पूर्वी तट पर प्रमुख पुर:क्रमणी खण्ड कृष्णा, गोदावरी, महानदी तथा गंगा के डेल्टा पर हैं, जहाँ ये नदियाँ बड़ी मात्रा में अवसाद-आपूर्ति करती हैं। ये डेल्टाई तटरेखायें सामान्यतया कीचड़युक्त हैं, परन्तु जहाँ रेत है वहाँ पुलिन तथा भूजिह्वायें बन गयी हैं। चक्रवातों के दौरान अपरदन से कृष्णा डेल्टा का सामान्य पुर:क्रमण बाधित हुआ है (राव तथा वैद्यनाथन)[16]। महानदी डेल्टा पर बारी-बारी से अग्रगमन एवं पश्चगमन प्रेक्षित किया गया जबकि ब्राह्मणी नदी के मुहाने को सीमाबद्ध कर रही तटरेखा में अभी हाल ही में अपरदन हुआ है (मीजेरिन्क)[9]। पूर्वी तट के समान्तर बन्दरगाहों की कृत्रिम संरचनाओं ने तट के समांतर अवसाद-संचलन को प्रभावित किया है तथा इन बन्दरगाहों के निकट पुलिन-अपरदन का पता चला है।

अवतलन, बढ़ता समुद्र जलस्तर, तूफान और तूफान महोर्मियाँ, नदियों से अवसाद निवेश, अवसाद पुर्नवितरण तथा तटों के समान्तर कृत्रिम संरचनायें तटरेखा में रूपात्मक परिवर्तन के लिये कुछ उत्तरदायी घटक हैं।

अवतलन

अवतलन आंशिक रूप से महाद्वीपीय-पर्पटी सीमाओं के समान्तर आपेक्षिक संचलन के कारण बहुधा होने वाली तटीय प्रक्रियाओं का परिणाम है तथा अंशत: यह नदियों द्वारा जमा अवसाद से संपिडन तथा समस्थितिक प्रतिपूरण को प्रदर्शित करता है। आन्तरिक संस्तर से भूजल या पेट्रोलियम का पृथक्करण भी स्थानीय अवतलन को बढ़ा सकता है। डेल्टाई क्षेत्रों में नदियों द्वारा लाये गये अवसाद सामान्यत: अवतलन की दर के बराबर या उससे अधिक दर से जमा होते हैं तथा डेल्टा की स्थिति समुद्रस्तर सापेक्ष रहती है या समुद्र की ओर पुर:क्रमण होता है। तथापि यदि अवसाद-निवेश-प्रतिरूप परिवर्तित होता है तो यह प्राकृतिक प्रक्रिया बदल जायेगी।

नदियों का अवरोधन

नदियों द्वारा तटों पर अवसाद-निवेश में परिवर्तन का एक प्रमुख घटक है नदियों का बढ़ता अवरोधन तथा समुद्र में उपवाह वाली नदियों का मार्ग-परिवर्तन। गंगा तथा ब्रह्मपुत्र सहित बंगाल की

खाड़ी में कुल नदी विसर्जन लगभग 1529 किमी.[3] है। पश्चिमी तट के समान्तर कुल विसर्जन लगभग 298 किमी.[3] है। संभवतः केरल तट के समान्तर अपरदन का एक कारण नदियों के अवरोधन के कारण अवसाद-निवेश में परिवर्तन भी हो सकता है। तथापि, इस पहलू के विस्तृत अध्ययन की आवश्यकता है। चूँकि नदियों का अवरोधन पश्चभूमि में होता है, अतः सामान्यतः इस बारे में तटीय समस्याओं पर कार्य करने वाले समुद्र-वैज्ञानिकों से कोई सलाह नहीं ली जाती तथा इस समस्या पर कोई नियंत्रण नहीं हो पाता है।

नदी के जल का मार्गपरिवर्तन या निष्कासन तथा अवसाद-विसर्जन तटीय पर्यावरण में भारी परिवर्तन ला सकता है और हम अक्सर तटीय पारितंत्र में होने वाले संभावित प्रभावों का ठीक-ठीक पूर्वानुमान नहीं कर पाते हैं। मीठे पानी के निवेश में कमी ज्वारनदमुखों तथा मैंग्रोव दलदलों की उत्पादकता में प्रबल परिवर्तन कर सकती है। जैविक प्रभाव नदी के अवरोधन के पश्चात् थोड़े ही समय में अनुभव किया जा सकता है जबकि ऐसा भूवैज्ञानिक प्रभावों के साथ नहीं, जहाँ अन्तिम प्रभाव अवरोधन के लम्बे समय बाद ही अनुभव किया जा सकता है तथा समय के साथ समस्या और बदतर हो सकती है। पर्यावरणीय प्रभाव के अध्ययन के लिए यह आवश्यक है कि अवरोधन के पहले तथा बाद में तटीय पर्यावरणीय स्थितियों को प्रलेखित किया जाये। भारत में ऐसे अध्ययन कम देखने में आये हैं।

समुद्र जल-स्तर में वृद्धि

यह प्रेक्षित कर लिया गया है कि पूरी दुनियाँ में समुद्र का जल-स्तर बढ़ रहा है। लगभग 15 हजार वर्ष पहले अन्तिम हिम युग की समाप्ति के साथ हिमानी के हिम आवरण के पिघलने से विश्व में समुद्र जलस्तर लगभग 100 मी० बढ़ चुका है। समुद्र जलस्तर अपने वर्तमान स्तर पर लगभग 5 हजार वर्ष पहले पहुँचा तथा तब से प्रतिवर्ष 1 मिमी० के एक अंश तक बढ़ जाता है हालांकि इस शताब्दी में फॉसिल ईंधन के दहन में वृद्धि से प्राकृतिक स्थिति बदल गयी है, जिससे बहुविचारित 'ग्रीनहाउस प्रभाव' उत्पन्न हुआ है। वातावरण में कार्बन डाइ आक्साइड तथा अन्य 'ग्रीनहाउस' गैसों का संकेन्द्रण तेजी से बढ़ना जारी है जो बदले में व्यापक "सार्वभौम तापन"—ग्लोबल वार्मिंग—को उत्पन्न करता है। इससे पिछली शताब्दी की तुलना में समुद्र जलस्तर में वृद्धि की दर बढ़ जायेगी। इस समय ग्लोबल समुद्र स्तर वृद्धि की दर 1 मिमी० प्रति वर्ष है, हालांकि यह विभिन्न स्थानों पर भिन्न-भिन्न है। भारतीय तट पर समुद्र जलस्तर में दीर्घकालिक परिवर्तन लगभग 1 मिमी० प्रतिवर्ष है।

यद्यपि वर्तमान जानकारी समुद्रस्तर की भावी वृद्धि के यथातथ्य पूर्वानुमान के लिए अपर्याप्त है, किन्तु यह संभावित सीमा के पूर्वकथन के लिए पर्याप्त है। विभिन्न दृश्य-विधानों से अगली शताब्दी के अंत तक 25 सेमी० से लेकर 2 मी० से अधिक कुल वृद्धि का अनुमान है (हॉफमैन इत्यादि)[4]। यदि यह क्षेत्रीय अवतलन से मिल जाये तो यह सम्भव है कि भारतीय तटरेखा के समान्तर बहुत से क्षेत्र जलमग्न हो जायें। भारतीय तटरेखा के समान्तर पूर्वानुमानित समुद्र जल-स्तर वृद्धि के परिणामों की दृष्टि से सबसे संवेदनशील क्षेत्र लक्षद्वीप समूह तथा अन्दमान व निकोबार द्वीप हैं (शेट्ये इत्यादि)[21]। पश्चिमी तट की अपेक्षा भारत का पूर्वी तट अधिक सुभेद्य है तथा उसके बढ़ती हुई तूफान महोर्मियों से

पीड़ित होने की संभावना है। पश्चिमी तट पर 12° तथा 18° उ० के मध्य की तटीय पट्टी सबसे सुरक्षित प्रतीत होती है।

भू-हानि एवं जलमग्नता के कारण सम्पत्ति की हानि, त्वरित तटीय अपरदन, तूफान महोर्मियों तथा तटीय बाढ़ द्वारा क्षति में वृद्धि, नमक एवं जल के अन्तर्वेधन से जलभर को क्षति, नदियों, तटीय निवेशिकाओं तथा कृषि भूमि में लवणीय जल का बढ़ता हुआ अन्तर्वेधन, तटीय पारितंत्र, अधिवास तथा मात्स्यिकी की क्षति समुद्र जल-स्तर वृद्धि के अनुमानित परिणाम हैं।

प्रदूषण एवं तटीय पारितंत्र

घरेलू तथा औद्योगिक स्रोतों से तरल एवं ठोस अपशिष्ट पदार्थ बड़ी मात्रा में नदियों, खाड़ियों तथा निवेशिकाओं में छोड़ दिए जाते हैं, जो अन्त में तटीय समुद्र में पहुँच जाते हैं। चूंकि जल का कुल आयतन बहुत अधिक है, अतः यह आभास हो सकता है कि समुद्र में छोड़ा गया अपशिष्ट आयतन में इतना कम है, तथा समुद्र इसे बिना प्रदूषण उत्पन्न किये आत्मसात् कर सकता है। पर बात ऐसी नहीं है क्योंकि समुद्र में डाला गया अपशिष्ट पदार्थ समुद्री जल के आयतन में सर्वत्र समान रूप से नहीं फैलता है। पिछले दो या तीन दशकों में भारतीय तट के समान्तर बहुत से उद्योग एकाएक प्रकट हुए हैं। निपटान के पहले बहिःस्राव के उपचार की ओर बहुत कम ध्यान दिया गया है। अपशिष्ट-निपटान के कारण तटीय पर्यावरण में होने वाली विकृति तथा विसर्जन के पहले बहिःस्राव के उपचार की आवश्यकता की ओर तो हाल ही में जागरूकता उत्पन्न हुई है। भारतीय तटों पर उद्योगों द्वारा समुद्र में डाला जाने वाला औद्योगिक अपशिष्ट लगभग 0.41×19^{9} घन मीटर प्रतिवर्ष आकलित किया गया है। तटीय जनसंख्या द्वारा समुद्र में डाला जाने वाला घरेलू मलजल 4.1×10^{9} घन मीटर प्रति वर्ष है। यह अनुमान लगाया गया है कि भारतवर्ष में लगभग 50 लाख टन उर्वरकों, 55 हजार टन कीटनाशकों तथा 125 हजार टन कृत्रिम अपमार्जकों का उपयोग होता है। इनका एक बहुत बड़ा अंश तटीय जल में चला जाता है। इन पदार्थों की यथेष्ट मात्रा जैवनिम्नीकरणीय है, जबकि अन्य मात्रा जैवनिम्नीकरणीय नहीं है। लम्बे समय तक इनका संचित प्रभाव तटीय समुद्री पर्यावरण के लिए बहुत हानिकारक हो सकता है। सामान्यतः ये प्रभाव अभी भारतीय तट पर दिखाई नहीं देते परन्तु महानगरों तथा औद्योगिक केन्द्रों के निकट ये प्रभाव खतरे का संकेत देते हैं (कासिम तथा सेन गुप्ता)[14]। उदाहरण के लिए 1959 से 1984 की अवधि के दौरान बम्बई के निकट तटीय जल में फास्फेट-फास्फोरस संकेन्द्रण 0.82 से 2 माइक्रोमोल प्रति लीटर तक बढ़ गया (सेनगुप्ता इत्यादि[19] तथा झिंगडे)[26]।

यह अनुमान है नदियाँ बहुत सी विषाक्त भारी धातुयें समुद्र में ले जाती हैं। गंगा के ज्वारनदमुखीय क्षेत्र में निलंबित तथा विविक्त धातुओं के परीक्षण से प्रदर्शित होता है कि उनका लगभग 10 प्रतिशत भाग निचले ज्वारनदमुखीय क्षेत्र में, 50 प्रतिशत नदी के जल एवं समुद्री जल के संगम पर नीचे बैठ जाता है तथा अन्त में 40 प्रतिशत बंगाल की खाड़ी में बह जाता है। धातुओं के आँकड़ों की जाँच से पता चला है कि लगभग 85 प्रतिशत घुलित धातुएँ नदी के अन्दर ही बैठ जाती हैं तथा केवल 15 प्रतिशत बह कर बाहर जाती हैं (एन०आई०ओ०)[12]। भारतीय तट के समान्तर जल, प्राणिप्लवक,

मत्स्य तथा अवसादों में से एकत्रित पारे के आँकड़ों से बम्बई के निकट कुछ स्थानीकृत "हॉट स्पॉट" क्षेत्रों का संकेत मिलता है (झिगडे तथा देसाई)[25] तथापि इन "हॉट स्पॉट" क्षेत्रों के सूक्ष्म प्रेक्षण की आवश्यकता है। भारतीय जल में कुछ स्थानों पर समुद्री जीवजात में विषाक्त धातुओं के स्तर पर की गयी जाँच से संकेत मिला है कि इनका स्तर मानवीय उपयोग के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित अधिकतम सीमा के नीचे है (कुरेशी)[6,7,8] तथापि जल, अवसाद तथा समुद्री जीवजात में विषाक्त धातुओं की उपस्थिति के कारण इसके लगातार मानीटरन की आवश्यकता है।

भारत के पूर्वी और मध्य पश्चिमी तटों पर प्राप्त अवसादों में कीटनाशी-अवशेषों पर हाल ही में किये गये अध्ययन से नौ जैव क्लोरीन कीटनाशकों तथा उनके उपापचय का पता चला है (सरकार तथा सेनगुप्ता)[17,18]। पूर्वी तट पर इन यौगिकों के अवशेषों के संकेंद्रण भाग प्रति दस लाख के स्तर पर घटित होते पाये गये हैं जबकि पश्चिमी तट पर ये भाग प्रति एक अरब हैं। अरब सागर के प्राणि-प्लवक में कीटनाशी अवशेषों का संकेंद्रण तट से दूर जाने पर कम होता है, यह उसकी स्थलीय उत्पत्ति तथा वायु द्वारा परिवहन की ओर संकेत करता है (कानून तथा सेनगुप्ता)[5]। हाल ही में किये गये एक अध्ययन से प्रदर्शित हुआ है कि नदियों द्वारा पश्चिमी तट पर फैलाये गये सूक्ष्म अवसाद निकटतटीय क्षेत्रों तक ही सीमित रहे। इन अवसादों का परिवहन यद्यपि शेल्फ के समान्तर हुआ किन्तु क्रास शेल्फ परिवहन न्यूनतम दिखाई देता है। इससे इस निर्णय तक पहुँचा जा सकता है कि पश्चिमी तट पर विसर्जित अवसाद सम्बद्ध प्रदूषकों के केवल आन्तरिक शेलफ में एकत्रित होने की संभावना है तथा वे अपतटीय क्षेत्रों में नहीं फैल पाते हैं (रामास्वामी तथा नायर)[15]।

भारतीय तट पर सर्वाधिक प्रदूषित क्षेत्रों में बम्बई के आस-पास का जल है। बम्बई महानगर से वर्ष में लगभग 3650 लाख टन मलजल तथा बहिःस्राव समुद्रों में विसर्जित किया जाता है। अकेली माहिम की खाड़ी में प्रतिदिन लगभग 64 मीट्रिक टन घरेलू मलजल तथा 0.9 मीट्रिक टन औद्योगिक अपशिष्ट प्रवाहित किया जाता है। प्रारम्भ में इन अपशिष्टों को बिना किसी उपचार के विसर्जित किया जाता था पर अब इनका आंशिक उपचार किया जाता है। बम्बई के तटीय जल में डाले गये कुल अपशिष्ट में माहिम नदी का योगदान केवल 15 प्रतिशत है (झिगडे)[26]। हाइड्रोकार्बन युक्त बहिःस्राव के विसर्जन ने खाड़ी को इतना अधिक प्रदूषित कर दिया है कि फिल्टरपत्र डुबो कर सहज ही तेल प्राप्त किया जा सकता है। कभी इस क्षेत्र में अच्छी मात्रा में मछलियाँ, समृद्ध शुक्ति-संस्तर, हरे-भरे सीमावर्ती मैंग्रोव तथा प्रवासी पक्षी थे। अब मात्स्यिकी का अस्तित्व नहीं है क्योंकि वहाँ कोई भी प्राणिजात जीवित नहीं रह सकते, न ही वहाँ पक्षी दिखाई देते हैं (कासिम तथा सेनगुप्ता)[14]।

बम्बई क्षेत्र में औद्योगिक अपजल सबसे अधिक थाना खाड़ी में डाले गये विभिन्न प्रकार के प्रदूषकों ने मत्स्य जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। मत्स्य-पकड़ बहुत कम हो गयी है तथा पकड़ी गयी अधिकतर किस्में प्रदूषित पायी गयीं। खाड़ी से पकड़े गये केकडों में पारे का स्तर 1.6 से 20 भाग प्रति दस लाख के बीच था जो अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार प्रदूषित माना जा सकता है। अवसाद-कोर में पारा-समृद्ध परत लगभग 10-25 सेमी॰ थी तथा अवसादों में पारे की अधिकता 14 टन के

बराबर सूचित की गयी। बसीन खाड़ी-उल्हास नदी, का जिसमें औद्योगिक अपशिष्ट की बड़ी मात्रा डाली जाती है, 1955 के पहले तक मत्स्य-उत्पादन 4500 टन प्रतिवर्ष था जो आज घट कर 100 से 150 टन प्रतिवर्ष रह गया है। यहाँ तक कि पकड़ी गयी मछलियों की यह थोड़ी मात्रा भी अधिक महत्व की नहीं है।

हाल ही में गुजरात राज्य के बहुत से ज्वारनदमुखों का अध्ययन किया गया है। दमनगंगा, कोलक, पार, अम्बिका, तापी तथा मिन्डोला ज्वारनदमुखों में मुख्यतया "पॉइन्ट डिस्चार्ज" द्वारा औद्योगिक अपशिष्ट डाला जाता है जिससे ये ज्वारनदमुख समग्र रूप से प्रदूषित पाये गये हैं (एन०आई०ओ०)[12]। इससे न केवल मत्स्य-पकड़ बहुत कम हो गयी है वरन् कुछ ज्वारनदमुखों में भाटे के दौरान अपजल के सीमित तनूकरण के कारण तथा प्रदूषकों की संकेन्द्रित मात्रा के कारण मछलियाँ मर जाती हैं। गहन रूप से प्रदूषित ज्वारनदमुखों में बाढ़ तथा भाटे के दौरान प्राणिप्लवक जैवभार में व्यापक उतार-चढ़ाव होते हैं। प्राणिप्लवक समूहों की प्रधानता प्रदूषण के स्तर के साथ परिवर्तित होती है। प्रदूषित ज्वारनदमुखों में विभिन्न प्राणिप्लवक समूहों की विविधता अपेक्षाकृत कम है (देसाई इत्यादि)[8]। सच तो यह है कि पूरे देश में बहुत कम ज्वारनदमुख ऐसे हैं जो मलजल अथवा औद्योगिक बहि:स्राव से कम या ज्यादा मात्रा में प्रदूषित नहीं हैं।

प्रदूषण के कई अन्य प्रकार जैसे तलकर्षण से निकली मिट्टी तथा खनन-अपशिष्ट के ढेर भी पारिस्थितिकी को प्रभावित करते हैं। ज्वारनदमुखों में खान अपशिष्ट, खनन मलबा तथा प्रक्षालन के कारण मात्स्यिकी तथा नितलस्थ प्राणिजात की कमी प्रेक्षित की गयी जिससे पारितंत्र की क्षति हुई हैं (परूलेकर)[13]। कूड़ा-कचरा, जहाज तोड़ने वाले यार्डों का रद्दी सामान, मछली पकड़ने के टूटे व बेकार जाल तथा अन्य सामान, अनावश्यक एवं खराब मछली का निपटान तथा पर्यटन उद्योग द्वारा उत्पन्न कचरा तथा अन्य अपशिष्ट भारत के तटीय जल को प्रदूषित करते हैं हालांकि इन पर परिमाणात्मक आँकड़ों की कमी है (सेनगुप्ता इत्यादि)[20]।

हिन्दमहासागर के आर-पार तेल टैंकर मार्गों के समान्तर दुनियाँ के 60 प्रतिशत कच्चे तेल इसके अन्य उत्पादों के परिवहन ने भारतीय समुद्रों को तेल प्रदूषण-प्रवण बना दिया है। समुद्र में तेल प्रदूषण या तो आग से, या टक्कर से या भूग्रस्त होने पर समुद्री दुर्घटना से छलकाव के कारण होता है। इसके अतिरिक्त यह तटीय समुद्र में तेल उत्पादन गतिविधियों के कारण भी होता है। समुद्र पर बहता तेल धीरे-धीरे वाष्पीकरण के कारण अपने हल्के अंश खो देता है तथा इस पर सूक्ष्मजीवों का आक्रमण होता है, जो हाइड्रोकार्बन को ऊर्जा के स्रोत के रूप में इस्तेमाल करने के अभ्यस्त होते हैं। इसके परिणामस्वरूप तेल घनत्व में बढ़ा हुआ प्रतीत होता है तथा अन्त में समुद्र तल के अवसादों में मिल जाता है। मई-सितम्बर के दौरान पश्चिमी तट के पुलिनों पर प्राय: पाये जाने वाले भारी पिण्ड, धाराओं के तेज अभितटीय घटक के कारण उद्वेलित, इन तारकोल अवशेषों का ही प्रतिनिधित्व करते हैं। 1975 तथा 1976 ई० के दौरान पश्चिमी तट के बहुत से पुलिनों पर किये गये प्रेक्षणों से औसत तारकोल निपेक्षण क्रमश: 28 तथा 20 ग्राम प्रति वर्ग मीटर प्राप्त हुआ। इसका अर्थ है कि लगभग 1000 टन तारकोल

तो केवल भारत के पश्चिमी तट पर निक्षेपित होता है। दिसम्बर-जनवरी के दौरान पूर्वी तट के पुलिनों पर भी तारकोल के पिण्डों का निक्षेपण पर्याप्त मात्रा में होता है। इन सभी अध्ययनों से पता चलता है कि मलजल, औद्योगिक तथा अन्य अपशिष्ट पदार्थों के अन्धाधुन्ध विसर्जन ने भारतीय तटों के समान्तर प्रदूषण-संचायिकाओं का निर्माण कर दिया है जिससे पारिस्थितिकी प्रभावित होती है।

प्रवाल-भित्तियाँ

भित्ति बनाने वाले प्रवाल भारतीय जल में पाक की खाड़ी, बंगाल की खाड़ी में अन्दमान-निकोबार द्वीपसमूह तथा अरबसागर में लक्षद्वीप द्वीपसमूहों में पाये हैं। खाद्य मछलियाँ, ऐक्वेरियम में रखी जाने वाली मछलियाँ प्रवालभित्तियों का वेलापवर्ती संसाधन निर्मित करती हैं। प्रवाल संसाधनों का सीमा से अधिक विदोहन भारतीय भित्तियों के लिए एक गम्भीर खतरा है। कच्छ की खाड़ी में वर्ष में लगभग दस लाख टन तक प्रवाल मृदा का तलकर्षण किया जाता है जिससे प्रवाल का लगभग 50 प्रतिशत जीवन नष्ट हो गया है। मन्नार की खाड़ी में विशाल कोरलों के चुनिन्दा अति-दोहन ने पहले ही बहुत सी भित्तियों को प्रभावित किया है। जैसा कि लक्षद्वीप द्वीपसमूहों में प्रेक्षित किया गया है प्रवाल-खनन से भी तट-अपरदन को बढ़ावा मिलता है। आभूषणों के लिए प्रवालों का व्यापार भी प्रवाल संपदा में कमी के लिए उत्तरदायी है। भारतीय प्रवाल भित्तियों के लिए वर्तमान प्रबंधन तथा संरक्षण-उपाय अपर्याप्त हैं (वाफर)[23]।

मैंग्रोव

भारतीय तट के समान्तर मैंग्रोव क्षेत्रों का आकलन 3500 से 7000 किमी०^2 तक पर्याप्त भिन्न-भिन्न है। ये मैंग्रोव तटों के समान्तर विशिष्ट पारितंत्र निर्मित करते हैं तथा मछलियों एवं वन्य जीवों के लिए प्राकृतिक वास का काम करते हैं। बहुत सी व्यापारिक रूप से महत्वपूर्ण प्रजातियाँ इस क्षेत्र को संवर्धन-स्थल के रूप में उपयोग करती हैं। मैंग्रोव वनों को आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण, उत्पादक तथा विशिष्ट पारितंत्र माना जाता है। ये ज्वारनदमुखीय एवं मात्स्यिकी में, तटरेखा की सुरक्षा में, कागज और पल्प उद्योग के लिए लकड़ी उपलब्ध कराने में तथा ईंधन, टैनिन आदि में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं।

आधुनिक विकास के कारण भूमि-उद्धार, वनों की कटाई तथा प्रदूषण से मैंग्रोव सम्पदा को हानि हुई है। गंगा के सुन्दरबन, कोचीन पश्चजल, बम्बई, कच्छ की खाड़ी तथा अन्य क्षेत्रों में मैंग्रोव वनों की हजारों हेक्टेयर भूमि या तो कृषि, या शहरी विकास के उद्देश्य से सुधारी गयी है। इन क्रियाकलापों के कारण तटों के समान्तर मैंग्रोव क्षेत्रों में बहुत कमी आयी है। मैंग्रोव क्षेत्रों का उपयोग औद्योगिक बहिःस्राव, मलजल, तथा कचरे आदि के विसर्जन के लिए किया जाता रहा है। परिणामस्वरूप मैंग्रोव-जल की सामान्य उत्पादकता कम हो रही है। औद्योगिक बहिःस्राव ने बम्बई क्षेत्र में खाड़ी के समान्तर मैंग्रोव वनों को नष्ट कर दिया है।

प्राणिजात एवं मात्स्यिकी

भारत में समुद्री मात्स्यिकी निकटतटीय जल में लगभग 60 मी० गहराई तक संकेन्द्रित है। तटीय पट्टी में प्रग्रहण मात्स्यिकी की घटती प्रवृत्ति दिखाई देती है। इसका कारण प्रदूषण अथवा सीमा से अधिक विदोहन माना जाता है। व्यस्त पत्तनों तथा बन्दरगाहों में जहाजों से हुआ प्रदूषण तथा तलकर्षण समुद्रतलीय जल में आक्सीजन की उपलब्धता को घटा देता है जिससे परिस्थितियाँ लगभग आनॉक्सिक हो जाती हैं। नितलस्थ प्राणिजात पूरी तरह समाप्त हो जाता है जिसके परिणामस्वरूप मात्स्यिकी में महत्वपूर्ण कमी आती है। उदाहरणस्वरूप, बम्बई बन्दरगाह में मत्स्य-क्षेत्र दिनोंदिन तट से और अधिक दूरस्थ जल में हटता जा रहा है तथा मछुआरों को तट से 10 किमी० से भी अधिक दूर जाना पड़ता है (सेनगुप्ता)[20]। जैसा कि पिछले अनुच्छेदों में वर्णित है, भारतीय तटों के समान्तर कुछ स्थानों पर तटवर्ती तथा ज्वारनदमुखीय क्षेत्र भी औद्योगिक बहि:स्राव तथा मलजल निपटान से हुए प्रदूषण के कारण मात्स्यिकी की दृष्टि से पर्याप्त खाली हो गये प्रतीत होते हैं। तटीय पर्यावरण में असंसाधित मलजल तथा अनियंत्रित औद्योगिक बहि:स्राव ने कुछ कुछ जलनिकायों को आक्सीजन-अपूर्ण बना दिया है। भारत के समुद्री पर्यावरण में प्रदूषकों के जैविक प्रभाव का अध्ययन सुचारु रूप से नहीं हुआ है तथापि तटों, ज्वारनदमुखों तथा खाड़ियों के समान्तर प्रतिबंधित पर्यावरण में जनसंख्या तथा सामुदायिक स्तरों के प्रभाव को नोटिस किया गया है (सेनगुप्ता इत्यादि)[20]। गोवा ज्वारनदमुख में सीपी-मात्स्यिकी तथा तलीय प्राणिजात पर खनन क्रियाशीलता के प्रभाव के अध्ययन से 10 वर्ष से कम समय में सीपी उत्पादन में 70 प्रतिशत कमी, आवासी प्राणिजात का लगभग विनाश तथा सहिष्णु किन्तु भ्रमणशील प्रजातियों वाले तलीय प्राणिजात की अल्पविविधता की पुन: उपस्थिति के संकेत मिले हैं (परूलेकर इत्यादि[13]।

ऐसी सूचना मिली है कि कोचीन पश्चजल के कुछ क्षेत्रों में जैव प्रदूषण की मात्रा ज्वारनदमुखीय प्राणिजात के सहनशक्ति-स्तर से अधिक है (उन्नीथान इत्यादि)[22]। यद्यपि, सामान्य रूप से अभी समुद्री मात्स्यिकी पर प्रदूषण का प्रभाव खतरनाक नहीं है, पर जैसा कि कुछ स्थानों पर सुस्पष्ट है, जैव संसाधनों की क्षति के लक्षण निकट भविष्य में गम्भीर अनुपात में प्रकट हो सकते हैं। अत: प्रदूषण के दीर्घकालीन जैविक प्रभावों को समझना आवश्यक है।

उपसंहार

यह ध्यान रखना होगा कि यहाँ जो भी वर्णन हुआ है वह केवल भारतीय तटों के समान्तर बदलते समुद्री पर्यावरण के कुछ ही पहलुओं को सूचित करता है, हालांकि बहुत से अन्य अध्ययन एवं आँकड़े उपलब्ध हैं। तथापि, तटीय क्षेत्र के विवेकपूर्ण प्रबन्धन हेतु उत्तम योजनायें बनाने के लिए निम्न-लिखित कुछ पहलुओं पर विचार करना पूर्वापेक्षित है।

नूतन विकासमूलक इतिहास के साथ मौजूदा तटीय रूपाकारों का अभिलेखन आवश्यक है। तटरेखा परिवर्तनों के मानीटरन के लिए दूरसंवेदन तकनीक का उपयोग किया जा सकता है। नदियों

द्वारा तटों पर लाये गये जल एवं अवसाद विसर्जन के प्रतिरूप तथा आयतन की नियमित देखभाल की आवश्यकता है। तटीय पारितंत्र पर अवरोधन के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए अवरोधन-पूर्व तथा अवरोधन-पश्चात् की स्थितियों के आँकड़ों की आवश्यकता है। चूँकि 'ग्रीनहाउस प्रभाव' के कारण समुद्र-जलस्तर-वृद्धि एक वास्तविकता दिखती है अतः तटीय विकास कार्यक्रमों के नियोजन के लिए समुद्र जलस्तर में होने वाले परिवर्तनों की कड़ी देखभाल आवश्यक है। भावी विकास हेतु तटरेखा के निकट के स्थानों का चुनाव भूतकाल तथा वर्तमान में होने वाली क्षेत्रीय तटीय-प्रक्रियाओं के विस्तृत अध्ययन के पश्चात् ही करना होगा। यद्यपि बन्दरगाहों में मिट्टी के जमाव की समस्या होगी, पर तटीय क्षेत्रों में अवसादों की आपूर्ति अपरदन क्रियाओं को रोकने के लिए आवश्यक है। अतः ऐसी गतिविधियों को कम करना या छोड़ना ही बुद्धिमत्ता होगी जो तटीय क्षेत्रों में अवसाद आपूर्ति को कम कर देती हैं। जहाँ विकासात्मक गतिविधियों ने प्राकृतिक अवसाद परिवहन में बाधा डाली है, उसके लिए आपूरण अच्छा विकल्प हो सकता है। तट के समान्तर प्राकृतिक पर्यावरण में बाधा डालने के पहले न केवल स्थानीय वरन् क्षेत्रीय पैमाने पर अध्ययन की आवश्यकता होगी। तटीय पारिस्थितिकी पर श्रेष्ठतर ढंग से ध्यान देने की आवश्यकता है। यद्यपि तटीय समुद्री पर्यावरण तथा पारितंत्र के कुछ परिवर्तन इन्द्रिय-गोचर हैं, पर कार्य-करण अध्ययन अथवा पर्यावरण-प्रभाव आकलन का उचित प्रयास नहीं किया गया है। इस कार्य को कठिन बनाने वाली एक समस्या यह भी है कि प्रदूषण का प्रभाव भिन्न दिक्काल पैमानों पर समुद्री पर्यावरण में होने वाले प्राकृतिक परिवर्तनों पर अध्यारोपित है। निगरानी के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र की विशालता इसे और अधिक जटिल बना देती है। चूँकि तटीय पट्टी में जनसंख्या तथा उद्योग बढ़ते जा रहे हैं इसलिए तटीय क्षेत्र में डाले जाने वाले अपशिष्ट की मात्रा भी बढ़ेगी। अतः प्रभाव-निर्धारण के साथ तटों का प्रदूषण-मानीटरन जारी रखने की आवश्यकता है तथा संयुक्त प्रभाव के बजाय कार्योत्पादक घटकों एवं उनके प्रभाव की अलग-अलग पहचान के लिए विशेष सावधानी की जरूरत है। इससे श्रेष्ठतर नियंत्रण उपायों को अपनाने में मदद मिलेगी। इन लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु तटों पर तटीय मानीटरन केन्द्रों की स्थापना के साथ दूरसंवेदन तथा समुद्री प्लेटफार्म जैसे आधुनिक साधनों का उपयोग करना होगा।

निर्देश

1. अहमद, ई०, कोस्टल जिओमॉर्फोलॉजी ऑफ इंडिया, ओरियेंट लोंगमैन, नई दिल्ली, 1972 पृ० 222.

2. वेदी, एन० तथा वैद्यनाथन, आर०, इफैक्ट ऑफ नियोटेक्टोनिक्स ऑन द मॉर्फोलोजी ऑफ द नर्मदा रिवर इन गुजरात, वेस्टर्न इण्डिया, जरनल ऑफ जिओमॉर्फोलॉजी, 1982, **26**, 87-102

3. देसाई, बी० एन०, गजभिये, एस० एन०, जियालाल राम तथा नायर, वी० आर०, कम्परेटिव अकाउण्ट ऑफ जूप्लैंक्टन इन पोल्यूटेड ऐस्चुरीज ऑफ गुजरात, महासागर, बुलेटिन ऑफ एन०आई०ओ०, 1983, **16**, 281-291.

4. हॉफमैन, जे० एस०, कीज, डी० तथा टाइटस, जे० जी०, प्रोजेक्टिंग फ्यूचर सी लेवेल राइज, यू०एस०ई०पी०ए० रिप० 1983, 230-09-007, पृ० 121.

5. कानन, एस० टी० तथा सेनगुप्ता, आर०, ऑर्गेनोक्लोरीन रेजिड्यूज इन जूप्लैंक्टन ऑफ द सौराष्ट्र कोस्ट, मरीन पलूशन बुलेटिन, 1987, **18**, 92-94.

6. कुरैशी, टी०डब्लू०, जार्ज, एम०डी० तथा सेनगुप्ता, आर०, टोटल मर्करी कण्टेन्ट इन सम मरीन फिश फ्रॉम द इण्डियन ओशन, मरीन पॅलूशन बुलेटिन, 1978, **10**, 357-360.

7. कुरैशी, टी० डब्लू०, संझगिरि, एस०, जार्ज, एम० डी० तथा ब्रग्रांका, ए०, मर्करी, कैडमियम एण्ड लेड इन डिफरेन्ट टिशूज ऑफ फिशेज एण्ड इन जूप्लैंक्टन फ्रॉम दे अन्डमान सी, इंडियन जरनल ऑफ मरीन साइंसेज, 1983, **12**, 60-63.

8. कुरैशी, टी० डब्लू०, स्टडीज ऑन मर्करी, कैडमियम एण्ड लेड इन मरीन आर्गेनिज्म इन रिलेशन टु मरीन पॅलुशॅन इन द सीज अराउण्ड इंडिया, पी० एच० डी० थीसिस, अलीगढ़ मुस्लिम यूनीवर्सिटी, इंडिया, 1985, पृ० 183.

9. मीजरिक, ए०एम०जे०, डायनमिक जिआमार्फोलॉजी ऑफ द महानदी डेल्टा, आई०टी०सी० जर्नल, स्पेशल वेरसतप्पन इशू 1982, 243-250.

10. मिलीमैन, राईजिग सी लेवेल एण्ड चेंजिग सेडीमेंट इनफ्लक्सेजरियल एण्ड फ्यूचर प्रॉब्लम फॉर इंडियन ओशन कोस्टल नेशंस, इन: आई० ओ०सी० वर्कशॉप रिपोर्ट न० 37 सप्लीमेंट, यूनेस्को, 1985, 195-202.

11. एन० आई० ओ०, पॅलूशॅन असेसमेंट एण्ड हायड्रोग्राफिक स्टडीज ऑफ द फोर रिवर्स इन साउथ गुजरात, एन०आई०ओ०, रीजनल सेन्टर, बॉम्बे, रिपोर्ट 1980, पृ० 377.

12. एन०आई०ओ०, ए स्टडी ऑफ ऐस्चुअराइन इन्वाइरॅनमॅन्ट्स ऑफ मेजर इंडियन रिवर्स-गंगा एण्ड महानदी ऐस्चुअरीज, टेक्निकल रिपोर्ट, एन०आई०ओ०/टीआर-4/86, 1986.

13. परूलेकर ए०एच०, अन्सारी, जैड०ए० तथा इंगोले, बी०एस०, इफैक्ट ऑफ माइनिंग ऐक्टिविटीज ऑन द क्लैम फिशरीज एण्ड बॉटम फॉना आफ गोवा ऐस्चुअरीज, प्रोसीडिंग्स : इंडियन ऐकेडमी ऑफ साइन्स (ऐनिमल साइन्स) 1986, **95**, 325-339.

14. कासिम, एस० जैड० तथा सेनगुप्ता, आर०, सम प्रॉब्लम्स ऑफ कोस्टल पॅलूशॅन इन इंडिया, मरीन पॅलूशॅन बुलेटिन, 1988, **19**, 100-106.

15. रामास्वामी, वी० तथा नायर, आर०आर०, लैक ऑफ क्रास शेल्फ ट्रान्सपोर्ट ऑफ सेडीमेन्ट्स ऑन द वेस्टर्न मार्जिन्स ऑफ इंडिया : ऐवीडेन्स ऑफ क्ले मिनॅरैलाजी, जरनल ऑफ कोस्टल रिसर्च, 1989, **5**, 541-546.

16. राव, के० एन० तथा वैद्यनाथन, आर०, इवोल्यूशन ऑफ द कोस्टल लैंडफार्मस् ऑन कृष्णा डेल्टा फ्रन्ट, ट्रान्स, ईस्टीट्यूट ऑफ इंडियन ज्योग्राफी, 1979, **1**, 25-32.

17. सरकार. ए० तथा सेनगुप्ता, आर०, क्लोरीनेटेड पेस्टीसाइड रेजिड्यूज इन सेडीमेन्ट्स फ्रॉम द अरेबियन सी अलोंग विद सेन्ट्रल वैस्ट कोस्ट ऑफ इंडिया, बुलेटिन ऑफ कन्टैम, टाक्सिकोलॉजी, 1987, **39**, 1049-1054.

18. सरकार, ए० तथा सेनगुप्ता, आर०, क्लोरीनेटेड, पेस्टीसाइड रेजिड्यूज इन मरीन सेडीमेंट्स, मरीन पॅलूशॅन बुलेटिन 1987, **19**, 35-37.

19. सेनगुप्ता, आर० तथा शंकरनारायन, वी० एन०, पॅलूशॅन स्टडीज ऑफ बोम्बे, महासगर-बुलेटिन ऑफ एन०आई०ओ०, 1975, **7**, 73-78.

20 सेनगुप्ता, आर०, अली, एम०, भूइयान, ए० एल०, हुसैन, एम० एम०, शिलिंगम, पी० एम०, सुबासिघें, एस० तथा तिरमिजी, एन० एम०, स्टेट ऑफ द मरीन इनवाइरॅनमेन्ट इन द साउथ एसियन सीज रीजन, यू० एन० ई० पी० रीजनल सीज रिपोर्ट्स एण्ड स्टडीज न० **122**, 1990, 42.

21. शेट्ये, एस०आर०, गविया, ए०डी० तथा पाठक, एम०सी०, वल्नरेबिलिटी ऑफ द इण्डियन कोस्टल रीजन टु डैमेज फ्रॉम सी लेवेल राइज, करैन्ट साइंस, 1988, **59**, 152-156.

22. उन्नीथान, आर०आर०, बिजयन, एम० तथा रमानी, के० एन०, आॅर्गेनिक पॅलूशॅन इन कोचीन बैकवाटरर्स, इंडियन जर्नल ऑफ मरीन साइंस, 1975, **4**, 39-42.

23. वाफर, एम०बी०एम०, कोरल्स एण्ड कोरल रीफ्स इन इंडिया, प्रोसीडिंग्स इंडियन ऐकेडमी ऑफ साइन्स, (ऐनिमल साइन्स/प्लान्टसाइंस) सप्लीमैंट न०, 1986, 19-43.

24. वागले, बी० जी०, जिओमॉर्फोलॉजी ऑफ द गोवा कोस्ट, प्रोसीडिंग्स इंडियन एकेडमी ऑफ साइन्स (अर्थ एण्ड प्लैनेटरी साइंस), 1982, **91**, 105-117.

25. झिंगडे, एम० डी० तथा देसाई बी० एन०, मर्करी इन थाना क्रीक, बोम्बे हारबर, मरीन पॅलूशॅन 1981, **12**, 237-241.

26. झिंगडे, एम० डी०, वेस्ट वाटर एफ्लुअॅन्ट्स एण्ड कोस्टल मरीन इनवाइरॅनमेंन्ट ऑफ बोम्बे, प्रोसीडिंग्स सेमीनार ऑन सी वाटर क्वालिटी डिमान्ड्स, 1985, **20**, 1-20.

Vijnana Parishad Anusandhan Patrika, Vol. 36, No. 1, 1993

ABO रक्त वर्ग एवं रोगों के बीच सम्बन्ध

चतुर्भुज साहु
मानव विज्ञान विभाग
गिरिडीह कॉलेज, गिरिडीह, बिहार-815301

[प्राप्त—जुलाई 9, 1992]

सारांश

अध्ययनों के दौरान यह पाया गया है कि *ABO* रक्त वर्ग एवं निश्चित रोग के बीच पारस्परिक सम्बन्ध है जैसे रक्तवर्ग *A* और परनिसियस एनीमिया, रिनललिथिएसिस, छोटी चेचक, चेचक, कैंसर, क्षय रोग, कार्सिनोमा, डायबेट्रीज मेलिटस, कुष्ठ, र्‌यूमेटिक, इसनोफिलिया, प्रोस्टेट, एडेनोम, डेन्टल केरिज, फॉस्फेट-1 आदि, रक्तवर्ग *B* और अस्थमा, रक्तवर्ग *AB* और इसनोफिलिया, चेचक आदि एवं रक्तवर्ग *O* और पेप्टिक अल्सर, ड्यूडेनल अल्सर, गैस्ट्रिक आदि। *O* वर्ग में पाये जाने वाले रोग प्राणघातक नहीं हैं।

चेचक से मरने वालों की संख्या 50 प्रतिशत पायी गयी जिनसे *A* तथा *AB* रक्त वर्ग वालों की संख्या अधिक थी क्योंकि रक्त वर्ग *A* (और सम्भवतः *AB*) में चेचक अधिक होता है तथा *B* और *O* में कम। अध्ययन से यह भी पता चलता है कि *O* वर्ग वाले *A* वर्ग की तुलना में अधिक स्वस्थ हैं।

भारत में क्षय रोग माइकोबैक्टीरिया नामक जीवाणु से होने वाली आम बीमारी है जिससे लगभग 8 मिलियन व्यक्ति ग्रसित हैं। विभिन्न आँकड़ों से पता चलता है कि अधिकांशतः *O* रक्त वर्ग वालों में क्षय रोग की प्रवृत्ति कम है। मध्य प्रदेश में क्षय रोग से ग्रसित होने वालों में *AB* वर्ग वालों की संख्या अधिक है तथा *B* वर्ग की संख्या कम है। ग्वालियर क्षेत्र में *O* वर्ग वाले क्षय रोगियों की बारम्बारता सबसे अधिक (47.3%) तथा पंजाब क्षेत्र में 43.1% है।

बिहार में विशेषकर तेली जाति में *O* वर्ग वालों में क्षय रोग की बारम्बारता कम (26.6%) पायी गयी है लेकिन *AB* वर्ग वालों की संख्या सभी स्थिति में सबसे कम पायी गयी है। क्षय रोग से ग्रसित पुरुषों एवं महिलाओं के बीच, कुल रोगी एवं कुल कंट्रोल के बीच तथा बिहार के तेली क्षय रोगी एवं मध्य प्रदेश के क्षय रोगी के बीच χ^2 (काई वर्ग) निकाला गया है तथा अन्तिम दोनों स्थितियों में महत्वपूर्ण अन्तर पाया गया है (क्रमशः χ^2♂×♀=3.17, *df*=3, χ^2 रोगी एवं कंट्रोल=4.31, *df*=3 एवं χ^2 बिहारी रोगी×मध्य प्रदेशीय रोगी=17.27, *df*=3)।

विभिन्न प्रकार के क्षय रोगों में पल्मोनरी क्षय रोग की संख्या सभी रक्त वर्ग के पुरुषों एवं महिलाओं में अधिक पायी गयी है तथा मेनिन्जायटिस महिला रोगी *O* में कम हैं।

बिहार में विशेषकर तेली जाति में *O* वर्ग वाले स्वस्थ हैं और बुढ़ापे तक जीवित रह सकते हैं।

Abstract

Association between ABO blood groups and diseases with special reference to ABO and tuberculosis among the Teli caste. *By* Chaturbhuj Sahu, Department of Anthropology, Giridih College, Giridih, Bihar.

A probable association between *ABO* blood groups has been presented by several investigators almost since the blood groups were first discovered in 1900. World-wide investigations on the search for this association have shown that most associations are with group *A*. *A* is associated with many serious diseases e.g. carcinoma of the stomach, pernicious anemia, eosinophilia, renal lithiasis, chicken pox, small pox, cancer, diabetes mellitus, tuberculosis, leprosy, prostrate adenom, rheumatic, dental carries etc. *O* group have an immunological advantage and are only associated with gastric and duodenal ulcers which are rarely fatal.

It has been observed that there is a tendency for individuals having blood group *O* to be less susceptible to tuberculosis. In Madhya Pradesh there is a great association between *AB* blood group and tuberculosis while in Gwalior *O* group having more association (47.3%) with tuberculosis. In Bihar, specially in Teli caste it has been found that only 26.6% *O* group individuals are associated with this disease. χ^2 (chi square) has been calculated between T. B. male and T. B. female, total patients and total control and T. B. patient of Bihar and T. B. patient of Madhya pradesh. Except first one, it has been observed significant differences exist (χ^2 ♂×♀=3.17 *df*=3,patient χ control=4.31 *df*=3 and patient of Bihar χ patient of M. p.=17.27 *df*=3, respectively).

Amongst the different types of tuberculosis, pulmonary type is more prevalent in all blood groups of both males and females.

Persons with blood group O (specially in Teli caste of Bihar) will generally be healthier and will reach an older age.

ABO रक्त वर्ग

कार्ल लैण्डस्टीनर (1900) ने खोज के दौरान पाया कि एक ही जाति के व्यक्तियों के रुधिर में भेद होता है। उन्होंने रुधिर के तीन भेद किये जिन्हें A, B तथा O नाम दिया। दो वर्ष बाद स्टरली तथा डेकैस्डेलो ने रुधिर के एक चौथे प्रकार की खोज की जिन्हें AB नाम दिया गया। इस प्रकार मनुष्य में रुधिर के चार मुख्य वर्ग होते हैं तथा प्रत्येक मनुष्य इन्हीं चार में से किसी न किसी एक वर्ग के अन्तर्गत आता है। इन समूहों का मुख्य आधार विशेष ऐण्टीजन तथा ऐण्टीबॉडी की उपस्थिति या अनुपस्थिति तथा उसके पारस्परिक सम्बन्ध पर आश्रित होता है। यह मुख्य रक्त-समूह दो ऐण्टीजन A तथा B और दो ऐण्टीबॉडी-ऐण्टी A एवं ऐण्टी B पर आधारित है। इन्हीं के आधार पर वर्गों के नाम A, B, AB तथा O रखे गये हैं। A रक्त-वर्ग के मनुष्यों की लाल रक्त कणिकाओं में ऐण्टीजन A तथा ऐण्टीबॉडी ऐण्टी B तथा B में ऐण्टीजन B तथा ऐण्टीबॉडी ऐण्टी A पाया जाता है। AB में ऐण्टीजन A एवं B दोनों होते हैं तथा इसके प्लाज्मा में कोई भी ऐण्टीबॉडी नहीं होता है। O वर्ग के मनुष्यों की लाल रक्त कणिकाओं में कोई ऐण्टीजन नहीं होता किन्तु इसके प्लाज्मा में दोनों ही ऐण्टीबॉडी होते हैं। O को सार्वजनिक ग्राहक कहते हैं।

इन चारों वर्गों के व्यक्तियों के जीन प्ररूपों की व्याख्या करने पर पता चलता है कि $O \times O$ के यौन सम्बन्ध से केवल O वर्ग वाली सन्तानें उत्पन्न होंगी, तथा $AB \times AB$ के सम्बन्ध से O सन्तान असम्भव है। अन्य तीनों प्रकार के व्यक्त प्ररूप सम्भव होंगे।

अतः रक्त समूह की खोजों ने रोग-निवारण के लिए एक नई दिशा प्रदान की तथा मानव में जेनेटिक पोलीमॉरफिज्म की जैवीय महत्ता की खोज के लिए रक्त-समूह एवं रोगों के बीच सम्बन्ध की ओर विशेष ध्यान दिया गया। अनेक शोधकर्त्ताओं ने रक्त-समूह एवं रोग के बीच सम्भावित सम्बन्धों को प्रकाशित किया। अध्ययन के दौरान यह पाया गया है कि निश्चित रोग एवं रक्त-समूह के बीच पारस्परिक सम्बन्ध है। सम्भवतः एलेक्जेण्डर[1] पहला व्यक्ति था जिसने निष्कर्ष निकाला कि B एवं AB रक्त वर्ग वाले व्यक्ति कार्सिनोमा को ग्रहण करने वाले थे। एयर्ड तथा अन्यों[2] ने पाया कि रक्त-समूह A एवं आमाशीय कार्सिनोमा के बीच सम्बन्ध है। प्रकाशित शोध कार्यों के आधार पर ABO रक्त-समूह एवं रोगों के बीच महत्वपूर्ण सम्बन्ध मिले हैं—जैसे रक्त वर्ग O और पेप्टिक अल्सर तथा O और आमाशय का कैंसर (एयर्ड तथा अन्य[3]), रक्त वर्ग A और परनिसियस एनीमिया (एयर्ड एवं अन्य[4], क्रिगर तथा अन्य[5])। यूरोपीय औद्योगिक एवं शहरी आबादी में यह लगभग 20% तक पायी गयी है (ब्युत्नर-यानुस[6]), रक्त वर्ग A एवं B और इसनोफिलिया, रक्त वर्ग A और रिनलिथिऐसिस, रक्त वर्ग B और अस्थमा (अहमद[7,8,9]), रक्त वर्ग A और छोटी चेचक (चक्रवर्ती तथा अन्य[10]), रक्त वर्ग A और कैंसर (धर्माराजु तथा अन्य[11]), रक्त वर्ग A और डायबेटिज मेलिटस (राम चन्द्रिया तथा अन्य[12]), रक्त वर्ग A एवं AB और चेचक (चक्रवर्ती[13]), ABO रक्त वर्ग एवं स्वाद प्रतिक्रिया

सारणी 1

विभिन्न रक्त वर्गों के एलीलों तथा उसकी स्थिति एवं पारस्परिक सम्बन्ध

पित्र्य व्यक्त प्ररूप	पित्र्य जीन प्ररूप	सन्तानों के जीन प्ररूप	सन्तानों के व्यक्त प्ररूप	असभम्व व्यक्त प्ररूप
$A \times B$	$AA \times AA$	AA	A	
	$AA \times AO$	AA, AO	A	B, AB
	$AO \times AO$	AA, AO, OO	A, O	
$B \times B$	$BB \times BB$	BB	B	
	$BB \times BO$	BB, BO	B	A, AB
	$BO \times BO$	BB, BO, OO	B, O	
$O \times O$	$OO \times OO$	OO	O	A, B, AB
$A \times B$	$AA \times BB$	AB	AB	
	$AO \times BB$	AB, BO	AB, B	$\times$
	$AA \times BO$	$AB \times AO$	AB, A	
	$AO \times BO$	AB, AO, O, BO	AB, A, B, O	
$A \times O$	$AA \times OO$	AO	A	B, AB
	$AO \times OO$	AO, OO	A, O	
$A \times AB$	$AA \times AB$	AB, AA	AB, A	O
	$AO \times AB$	AA, AB, AO, BO	A, AB, B	
$B \times O$	$BB \times OO$	BO	B	
	$BO \times OO$	BO, OO	B, O	A, AB
$B \times AB$	$BB \times AB$	BB, AB	B, AB	
	$BO \times AB$	AB, BB, AO, BG	AB, B, A	O
$AB \times O$	$AB \times OO$	AO, BO	A,B	O, A, B

(*PTC*) (चक्रवर्ती तथा अन्य[14]), *ABO* रक्त वर्ग एवं क्षय रोग (विजय कुमार तथा अन्य[15])। इंगलैण्ड में किये गये अध्ययनों के आधार पर ड्युडेनल अल्सर अधिकांशतः *O* रक्त वर्ग वाले व्यक्तियों में पाया गया है (क्लार्क [16,17,18,19])।

प्रकाशित रिपोर्ट विशेष जैवीय कार्यों एवं उसकी उपयोगिता को जानने के लिए महत्वपूर्ण तथ्यों को दर्शाती है तथा इससे यह भी पता चलता है कि विभिन्न परजीवियों के द्वारा हुए आक्रमण को व्यक्ति किस हद तक ग्रहण करता है। *ABO* रक्त-समूह एवं रोगों के बीच सम्बन्धों की खोजों में पाया है कि *A* रक्त-समूह के अधिक व्यक्ति खतरनाक रोगों से ग्रसित है। यदि *A* वर्ग खतरनाक रोगों (स्पर्शसंचारी तथा अस्पर्शसंचारी) से सम्बन्धित है तब यह आशा की जाती है कि औसतन *O* वर्ग वाले स्वस्थ होंगे और बुढ़ापे तक जीवित रहेंगे। वोगेल तथा अन्य[20], चक्रवर्ती[21], जोजेन सेन[22], चक्रवर्ती[23] ने विभिन्न प्रकार के रोगों—कार्सिनोमा, डायबेटिज मेलिटस, चेचक, कुष्ठ, परनिसियस एनीमिया, र्‍युमेटिक—के अध्ययन से पाया है कि *A* ग्रुप वाले ज्यादा प्रभावित हुए हैं जबकि *O* ग्रुप में इम्युनोलॉजीय फायदा है। सिर्फ गैस्ट्रिक और ड्युडेनल अल्सर ही *O* ग्रुप से सम्बन्धित है जो बहुत ही कम प्राणघातक है। यह लम्बे अरसे से प्रचलित है कि कुछ निश्चित बैक्टीरिया, प्रोटोजोवा तथा हेलमीन्थ्स में ऐण्टीजन होते हैं जो रक्त-समूह के तत्वों से सम्बन्धित हैं तथा यह देखा गया है कि कोई निश्चित जीव संघर्ष करता है। इन्फेक्शन की वेरेनिया दशा के समय यह अन्दाज किया जाता है कि रक्त वर्ग *B* एवं *O* की ऐण्टी *A* वायरस के ऐण्टीजन से प्रतिक्रिया करेगा जिससे *B* एवं *O* व्यक्ति कम प्रभावित होंगे तथा बिना ऐण्टी *A* (*A* और *AB*) वाले रोगियों में प्राणघातक रूप ग्रहण करेगा।

वर्तमान मानव में रक्त वर्ग का अध्ययन जीनी विभेदों के लिए अति महत्वपूर्ण हैं तथा अन्य सभी प्रविधियों से रक्त-समूह का ज्ञान सबसे अधिक भी है। बाइनर[24] के अनुसार कॉकेशियाई समूह के अन्तर्गत *ABO* रक्त-समूह में अधिकांश *A* अथवा *O* होता है। इन दोनों की तुलना में *B* अथवा *AB* का प्रतिशत कम होता है। A_2 जीन भी कम ही होता है परन्तु *B* की तुलना में अधिक होता है। निग्रो के *ABO* रक्त-समूह में A_2 जीन औसत ही होता है तथा यह कॉकेशियाई समूह से भिन्न नहीं है। मंगोलियन में *B* जीन अधिक होता है तथा A_2 नहीं होता है। मोरैन्ट[25] के अनुसार भारत तथा अन्य देशों में रक्त वर्ग *B* का वितरण सर्वाधिक है। यह 40 के लेकर शत प्रतिशत पाया जाता है। दक्षिणी भारत, श्रीलंका, अरब, ईरान, उत्तरी अफ्रीका, स्पेन, पश्चिमी यूरोप, स्कैण्डिनेविया, हिन्देशिया, दक्षिण पूर्वी एशिया, दक्षिणी चीन, मंचूरिया, साइबेरिया, पश्चिमी अलास्का, मध्य आस्ट्रेलिया तथा अधिकांश प्रशान्त महासागरीय द्वीपों की जनसंख्या में यह 60-69 प्रतिशत पाया जाता है। *A* का प्रतिशत कुछ कम है तथा *B* का वितरण बड़ा ही अजीब सा है। कनाडा के उत्तरी ध्रुवी भाग तथा ग्रीनलैण्ड में यह 1 से 4 प्रतिशत पाया जाता है। इस प्रकार के भौगोलिक वितरण से यह आभास मिलता है कि *A* तथा *B* जीनों का वरण वातावरण से प्रभावित होता है (ब्रुश[26], व्युत्नर यानुस[27])।

गवेषणा से पता चला है कि *A* रक्त-समूह की यूरोप में प्रधानता है, *B* की एशिया में प्रधानता है, *O* की अमेरिकन इंडियन में प्रधानता है। विद्वानों का कथन है कि प्रागैतिहासिक मानव के रुधिर

में पहले-पहले सिर्फ *O* रुधिर था, बाद में *A* की उत्पत्ति पश्चिम में हुई और वहाँ से संसार के अन्य प्रदेशों में फैला। इसी प्रकार *B* एशिया में पैदा हुआ और दूसरा प्रसार एशिया से यूरोप की तरफ हुआ। भारत में *B* प्रधान रक्त है। म्युटेशन के द्वारा *O* से *A* और बाद में *B* तथा अन्य रक्त समूह प्रकट हुए। इसके द्वारा मानव रक्त में पायी गयी कुछ जेनेटिक विभिन्नताओं के भौगोलिक वर्गीकरण की विशेषताओं का वर्णन करने में सहायता मिल सकती है। यह एक प्रामाणिक सत्य है कि प्राकृतिक चयन मानव जनसंख्या एवं रोग के बीच रक्त-समूह की बारम्बारता को बनाये रखने में कार्यरत है (विलियम[28])। वोगेल तथा हेमबोल्ड[29] और चक्रवर्ती तथा वोगेल[30] ने सुझाव दिया है कि मानव जनसंख्या में *ABO* रक्त समूह के वितरण को चयन के द्वारा वर्णित किया जा सकता है जो प्लेग, चेचक और सिफिलिस जैसी महामारी के द्वारा विकसित होता है। उसके बाद यह अध्ययन होने लगा कि किसी विशेष *ABO* रक्त वर्ग में कोई निश्चित रोग है। लेकिन इस सम्बन्ध में बायोकेमिकल कारकों की भूमिका का पता नहीं चला है इसलिए रक्त वर्गों के जीनों पर चयन की प्रतिक्रिया के बारे बहुत ही कम जानकारी मिली है।

रक्त वर्ग एवं रोगों के सम्बन्ध को तीन आधारों पर दर्शाया जाता है :

(1) कोई विशेष जीन से सम्बन्धित ग्राह्यता

(2) कोई व्यक्ति और उसके माता-पिता के मिलन के बीच रोग का सम्बन्ध

(3) जातिगत बनावट।

बुचमेन तथा हीगली[31] ने मायोक्लिनिक के अध्ययन से निष्कर्ष निकाला कि *O* ग्रुप और पेपटिक अल्सर तथा *A* और परनिसियस एनीमिया के बीच सम्बन्ध है। फ्रेसर रॉबर्ट[32] ने भी बुचमेन और हीगली का ही निष्कर्ष पाया। ऐसा ही निष्कर्ष युगेली[33] एवं लेसा तथा एलेरियो[34] ने भी पाया था। बाद में एयर्ड तथा अन्य[35], क्लार्क तथा अन्य[36] एवं बुक वाल्टर तथा अन्य[37] ने इसे पुनः जाँचा और पाया कि रक्त-समूहों में विभिन्नता चयन की ही देन है। इसके साथ ही साथ माँ के गर्भ में विकृति, रोग विशेषकर छुवा-छूत एवं महामारी प्रकृति वाले भी चयण की देन है। सिदामा तथा अन्य[38] ने 300 जन्म-जात विकृत रोगियों को जाँचा पर रक्त-समूह एवं रोगियों के बीच कोई महत्वपूर्ण सम्बन्ध नहीं पाया। चक्रवर्ती तथा चक्रवर्ती[39] ने हैदराबाद के 400 चिकेन पॉक्स रोगी तथा 383 अप्रभावित सगे सम्बन्धी जनों को जाँचा और पाया कि रक्त वर्ग *A* (और सम्भवतः *AB*) में चिकेन पॉक्स अधिक होते हैं तथा महत्वपूर्ण काई वर्ग प्राप्त हुए हैं ($\chi=1.48$, $\chi^2=4.59$ $p=.05$) तथा *B* और *O* में कम। चक्रवर्ती तथा पाण्डेय[40] ने राँची के 206 बच्चे (पोलियो-82, सेरेब्रलपल्सी-54 एवं फ्लैट फीट-72) तथा 166 अप्रभावित सम्बन्धी बच्चे के *ABO*, *Rh* रक्तवर्ग तथा स्वाद प्रतिक्रिया को जाँचा और पाया कि रोगी और अप्रभावित बच्चों के बीच तथा तीनों विकलांगों के बीच किसी भी प्रकार का महत्वपूर्ण अन्तर नहीं है। पोलियो, सेरेब्रलपल्सी एवं फ्लैट फीट में *O*, *A*, *B* एवं *AB* के रोगी एवं कन्ट्रोल के बीच काई वर्ग क्रमशः 1.21, 0.34 एवं 3.39 है तथा Rh^+ एवं Rh^- के लिए काई वर्ग 0.73, 0.02 एवं 0.02 $df=1$ है।

ऊपर वर्णित तीनों आधारों को मानकर क्लार्क तथा अन्यों[41] ने ड्युडेनल अल्सर से ग्रसित सम्बन्धियों के *ABO* प्रकार का सांख्यिकीय प्रविधि द्वारा अध्ययन किया तथा रोगी और सम्बन्धियों के बीच किसी भी प्रकार का महत्वपूर्ण अन्तर नहीं पाया। इस प्रकार यह निष्कर्ष निकाला कि रोग का सम्बन्ध किसी विशेष रक्त प्रकार से नहीं है परन्तु इसका सम्बन्ध माता के मिलन पर सम्भव है। आसबोर्न तथा डी जार्ज [42] ने *ABO* रक्त समूह एवं सैलिवरी ग्लैण्ड और ओवेरियन ट्युमर के बीच सम्बन्धों का अध्ययन किया। जारजेन सेन[43] अपने अध्ययन के दौरान पाया कि रक्त वर्ग *A* की घटना क्षय रोग एवं सारक्वायडोस्ट में क्रमशः 1.142 और 1.36 है जबकि *O* की घटना 1 है। इसी प्रकार किसी एक रक्त वर्ग की अधिकता अलकम ड्युडेनी, वेन्ट्रीकुली, डायबेटीज मेलिटस, नेफ्रोलिथिएसील, परनिसियस एनीमिया आदि में अधिक पायी जाती है। रक्त वर्ग *A* की अधिकता प्रोस्टेट एडेनोम तथा सम्भवतः डेन्टल केरीज में अधिक है। जोरजेनसेन[44] ने अपने अध्ययन में रक्त-समूह एवं रोग जैसे—विभिन्न प्रकार के ल्यूकोमिया, सोरियेसिस ब्लजरेसिस, क्लेफ्ट ओड एवं पैलेट, पाइलोरोस्पाज्म और विभिन्न प्रकार के जन्मजात हृदय रोग के बीच कोई विशेष सम्बन्ध नहीं पाया गया है लेकिन इसने पाया कि *O* ग्रुप के व्यक्ति *A* ग्रुप से तुलना में अधिक उपयुक्त है। रक्त वर्ग *O* वाले सेनेलिटी रोगी की आयु अधिक है। इन्होंने यह भी पाया कि 40 वर्ष से अधिक उम्र वाले खिलाड़ियों के गठीले शरीर *O* रक्त वर्ग वालों में अधिक है तथा बच्चों में नहीं।

इस प्रकार *AO* जेनेटाइप वाले हेटेरीजायगोटिक व्यक्तियों में जानने के लिए यह बहुत ही महत्वपूर्ण होगा तथा रक्त वर्ग एवं रोग की शोध में यह एक नई दिशा प्रदान करेगी।

मल्टीफैक्टोरियल जेनेटिक पद्धति में सम्भवतः अन्य मोनोजेनिक कारक महत्वपूर्ण हैं। इस सम्बन्ध में हेरिस तथा अन्य[45], हेरी तथा सेगल[46], चुँग तथा अन्य [47], वीगोलमन[48], चक्रवर्ती[49], सलादनहा[50], ब्रैन्ड[51] का अध्ययन क्रमशः थायरॉयड ग्लैण्ड रोग, डायबेटीज मेलिटस, डेन्टल केरीज, कुष्ठ एवं फाइलेरिया, क्षय रोग, पोलिमायोलिटिज की खोज उल्लेखनीय है।

आरफोर्स तथा अन्यों[52] ने *ABO* रक्त वर्ग एवं सीरम क्षारीय फॉस्फेट (मुख्यतः हड्डी तथा लीवर रोगों में) के बीच सम्बन्ध पाया। फॉस्फेट-1 एवं *A* ग्रुप के बीच दृढ़ सम्बन्ध पाया गया जबकि फॉसफेट-2 तथा *A* ग्रुप के बीच नगण्य रूप से सम्बन्ध पाया गया। सांख्यिकीय रूप से फॉस्फेट एवं *MN*, *Rh* तथा हेप्टोग्लोबीन कारकों के बीच सम्बन्ध नहीं पाया गया है।

सिर्वस[53] तथा हेनले[54] ने अपने अध्ययनों में पाया कि *O* ग्रुप वाले व्यक्ति में *A* ग्रुप वाले व्यक्ति की तुलना में अधिक सीरम पेप्सीनोजेन स्तर पाये जाते हैं। यह सम्भवतः क्षारीय फॉसफेट-2 में प्रभाव के कारण हो सकता है। क्षारीय फॉसफेट की खोजों ने रक्त-समूह एवं रोगों के बीच सम्बन्धों को जानने के लिए एक नई दिशा प्रदान की है।

O वर्ग विश्वव्यापी दाता क्यों है ?

यह सर्वविदित है कि *O* ग्रुप वाले व्यक्ति सार्वभौमिक दाता है। यह सम्भव है कि *A* ग्रुप वाले व्यक्ति *O* ग्रुप वाले व्यक्ति की तुलना में औसतन जैवकीय रूप से कम योग्य हों और दान करने की क्षमता भी कम हो। इस सम्बन्ध में महत्वपूर्ण खोजें हुई हैं। जोर्जेनसेन[55] ने अपने अध्ययन में पाया है कि *O* रक्त वर्ग के लिए साधारण व्यक्ति और रक्त-दाता के बीच करीब 4-5 प्रतिशत अन्तर है। बंगाल एवं बिहार में *ABO* रक्त ग्रुप एवं चेचक के बीच सम्बन्ध वाली कई खोजें हुई हैं (चक्रवर्ती तथा अन्य[56], वोगेल तथा चक्रवर्ती[57])। रक्त वर्ग *A* एवं चेचक के बीच सम्बन्ध पाया गया है। इस रोग से मरने वाले 50 प्रतिशत थे जिनमें *A* तथा *AB* रक्त ग्रुप वाले अधिक थे। वुल्फ[58] के द्वारा प्रतिपादित सूत्र रिलेटिव इंडेक्स (x) के प्रयोग से चक्रवर्ती तथा अन्यों[59] ने स्युकोमिया में *A* वर्ग का रिलेटिव इंडेक्स $A : O = 1 : 1.06$ पाया जो दर्शाता है कि *A* वर्ग में इस रोग से ग्रसित होने की सम्भावना 11 प्रतिशत अधिक है। इन्होंने *O* ग्रुप की योग्यता का अध्ययन कई आंतरिक रोगों पर किया और पाया कि *O* वर्ग *A* वर्ग की तुलना में अधिक स्वस्थ हैं।

ABO रक्त वर्ग एवं क्षय रोग

